INDIAN SCHOOL SOHAR
SUMMATIVE ASSESSMENT II (2015-2016)
SUBJECT: HINDI

Class : VII | **Time : 2 Hours**
Date : 08-03-2016 | **Marks : 60**

सामान्य निर्देश ः(1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं क□ख□ग□और घ। चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(2) इस प्रश्न पत्र में कुल 13 प्रश्न हैं।सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(3) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

खंड - क (अपठित गद्यांश□

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए। (6)

शहीद भगतसिंह का जन्म 27 सितंबर □1907 को जेरांवाला ज़िला लायलपुर□अब पाकिस्तान□में हुआ।इनका पूरा परिवार देशभक्तों का परिवार था। इनके पिता सरदार किशन सिंह और चाचा सरदार स्वर्ण सिंह पक्के □ंतिकारी देशभक्त थे और दूसरे चाचा अजीत सिंह को देश से निर्वासित कर दिया गया था। भगतसिंह बचपन से ही वीर□निडर और □ंतिकारी थे। भगतसिंह और उनके साथियों ने 1926 में 'नौजवान भारत सभा' की स्थापना की जिसका उद्देश्य युवाओं और किसानों को उनका हक दिलाना था।1928 में भगतसिंह महान देशभक्त लाला लाजपतराय के संपर्क में आए और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े।8 अप्रैल □1929 में भगतसिंह और उनके साथियों ने केंद्रीय विधानसभा में बम फेंककर धमाका किया और 'इंकलाब ज़िन्दाबाद' के नारे लगाते हुए अपने आपको गिरफ़्तार करवाया।इस अभियोग में भगतसिंह □राजगु□और सुखदेव को फा□ी की सज़ा सुनाई गई।भारतमाता के सच्चे सपूतों को केंद्रीय जेल में शाम सात बजे फा□ी दे दी गई और कायर अंग्रेज़ों ने इनके शवों को सतलुज नदी के तट पर मिट्टी का तेल डाल कर जला दिया और सतलुज नदी में फेंक दिया।गा□वालों ने अधजले शरीरों को निकालकर उनका अंतिम दाह संस्कार किया।देश की स्वतंत्रता हेतु दिए गए बलिदान की गू□ देशभर में छा गई।हम हमेशा ऐसे सच्चे वीरों के ऋणी रहेंगे।

(क) शहीद भगतसिंह का जन्म कब और कहा□हुआ ?
(ख) भगतसिंह के परिवार के अन्य देशभक्तों के नाम बताओ।
(ग) 'नौजवान भारत सभा' की स्थापना का उद्देश्य क्या था ?
(घ) भगतसिंह □राजगु□और सुखदेव को फा□ी की सज़ा क्यों सुनाई गई□
(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(च) उपर्युक्त गद्यांश में आए गुणवाचक विशेषण के कोई दो उदहारण लिखिए।

खंड □ख (व्याकरण)

प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (2)

दिन □ज्ञान □शांति □सफल

प्रश्न 3 (i) निम्नलिखित शब्दों के दो□दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (2)

जंगल □बगीचा

(ii) निम्नलिखित शब्दों के उपसर्ग □मूलशब्द अलग करके लिखिए। (2)

सबल □स्वतंत्र

प्रश्न 4 (i) 'त्व' प्रत्यय का प्रयोग करते हुए दो शब्द लिखिए। (2)

(ii) दिए गए शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए । (2)

धोका □प्रान

प्रश्न 5 (i) रेखांकित क्रिया विशेषणों के भेद लिखिए। (2)

(क) यह काम <u>आज</u> होना चाहिए। (ख) रमेश <u>कम</u> बोलता है।

(ii) वर्ण विच्छेद कीजिए □ बच्चा □ गंगा (2)

प्रश्न 6 (i) दिए गए विग्रहों के समस्त पद बना कर समास के भेद लिखिए। (2)

(क) राजा की पुत्री (ख) चार राहों का समूह

(ii) दिए गए समस्त पदों के विग्रह करके समास के भेद लिखिए। (2)

(क) लोकप्रिय (ख) नवरत्न

खंड □ ग (साहित्य)

प्रश्न 7 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (5)

विकट □ कामयाब □ औषधि □ आतंक □ पलटन

प्रश्न 8 निम्नलिखित शब्दों तथा मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (4)

मन मारना □ फूले न समाना □ आज्ञा □ सहायता

प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (5)

वह भय के मारे कुछ नहीं कह पाती थी□ बस सूखती जा रही थी। आखिर डॉक्टरों ने कुछ परीक्षणों के बाद राय दी कि बच्ची को पहाड़ पर ले जाया जाए और जितना अधिक उसे प्रसन्न रखा जा सके□ अच्छा है। सच पूछिए तो बेचारी का मन बचा ही कहा□ था □ भाई साहब के सामने एक विकट समस्या यह थी कि बुआ जी को किस प्रकार साथ चलने से रोका जाए। भाई साहब ने सारी बात डॉक्टर के सामने रख दी थी□ तभी डॉक्टर ने कहा कि मा□ का साथ रहना ठीक न होगा। बुआ ने सुना तो बहुत आनाकानी की परंतु डॉक्टर की राय के वि□द्ध जाने का साहस वे नहीं कर सकीं सो मन मारकर वहीं रहीं।

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखिका का नाम लिखो।

(ख) डॉक्टर ने भाई साहब को क्या सलाह दी □

(ग) भाई साहब के सामने क्या विकट समस्या थी □

(घ) डॉक्टर की राय सुनकर बुआ ने क्या निर्णय लिया □

(ङ) 'पहाड़' शब्द का लिंग बताइए।

प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। (2)

(i) कमला जी ने 'नीरा' का प्रयोग किस पर किया □

(ii) घोड़ा दुर्गति के बाद भी खुश क्यों था □

प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए। (10)

(i) बबूल और नीम के पेड़ की सोच में क्या अंतर है □

(ii) बुआ को 'सयानी' क्यों कहा जाता था □ उनके स्वभाव के बारे में बताओ ।

(iii) मीर साहब ने □ज का घोड़ा ही क्यों खरीदा □

(iv) हमें ऐसा क्या करना चाहिए जिससे चारों ओर शांति हो जाए □

खंड □ घ (लेखन)

प्रश्न 12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)

(i) मेरा प्रिय खेल (ii) सत्संगति (iii) मेरा प्रिय त्योहार

प्रश्न 13 छोटे भाई को कुसंगति से बचाने के लिए पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को हिंदी की पुस्तकें उपलब्ध करवाने के लिए प्रार्थना□पत्र लिखिए।